# MAKHANLAL CHATURVEDI NATIONAL UNIVERSITY OF JOURNALISM AND COMMUNICATION

## // UNIVERSITY LIBRARY //

## -: NEWS CLIPPING SERVICE -:

## DATE:16 FEB. 2026

# एमसीयू के 70 स्टूडेंट स्पुतनिकप्रो की ऑनलाइन कार्यशाला में हुए शामिल

पीपुल्स संवाददाता • भोपाल
editor@peoplessamachar.co.in



माखनलाल चतुर्वेदी विश्वविद्यालय (एमसीयू) के 70 से ज्यादा विद्यार्थियों ने स्पुतनिकप्रो ऑनलाइन कार्यशाला में अपनी हिस्सेदारी सुनिश्चित की। इस कार्यशाला का शीर्षक 'मीडिया के लिए फोटो रिपोर्ट : न्यूज एजेंसी, प्रिंट एवं इंटरनेट को कैसे शूट करें ? जरूरी चीजें और सावधानियां' था। इस कार्यशाला में विद्यार्थियों के अलावा सभी संकाय सदस्यों ने हिस्सा लिया। कार्यशाला में विशेषज्ञ प्रो. ग्रिगोरी डुकोर, मिस्टर अलेक्जेंडर श्टोल और मिस एकातेरिना वोइकोवा ने संचालित किया। उन्होंने फोटो पत्रकारिता के वैश्विक मानकों, नैतिक प्रथाओं और दृश्य कहानियों को सुनाने के बारे में बातें साझा की। विद्यार्थियों ने कई प्रश्नों को उठाया। यह कार्यशाला एक बेहतर अकादमिक अनुभव साबित हुई।

NEWS CLIPPING SERVICE FROM 'MCNUJC LIBRARY
'PEOPALS SAMACHAR'16 FEBRUARY.2026

# एआई बेस्ड वीडियो कैमरों पर हुई कार्यशाला




भोपाल। माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय (एमसीयू) में सोनी कॉर्पोरेशन जापान द्वारा कार्यशाला आयोजित हुई। इसमें उच्च प्रसारण गुणवत्ता वाले वीडियो कैमरों का प्रशिक्षण दिया। यह प्रशिक्षण सोनी कॉर्पोरेशन जापान के 'टेलराड' अहमदाबाद, दिल्ली से आए तकनीकी विशेषज्ञों ने दिया। एआई वीडियो कैमरे का प्रशिक्षण सजीव डैमो में प्रशिक्षण दिया। स्टूडियो प्रभारी डॉ. संजीव गुप्ता ने कहा कि एआई, प्रसारण तकनीक समन्वय की उपयोगिता बढ़ रही है। | पीपुल्स समाचार |

NEWS CLIPPING SERVICE FROM 'MCNUJC LIBRARY
'PEOPALS SAMACHAR'16 FEBRUARY.2026

उपस्थित रहेंगे। जुड़े अनेक संस्मरण सुनाए और ...

## ऑनलाइन वर्कशॉप को जाने माने विशेषज्ञों ने संचालित किया

# एमसीयू: 70 से ज्यादा विद्यार्थियों ने स्पुतनिकप्रो की व्यावहारिक फोटो पत्रकारिता वर्कशॉप में लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी स्थित माखनलाल चतुर्वेदी पत्रकारिता विश्वविद्यालय के 70 से ज्यादा विद्यार्थियों ने पत्रकारिता विभाग के सभागार में स्पुतनिकप्रो ऑनलाइन कार्यशाला में हिस्सेदारी की। इस वर्कशॉप का शीर्षक था : मीडिया के लिए फोटो रिपोर्ट: न्यूज एजेंसी, प्रिंट एवं इंटरनेट को कैसे शूट करें? जरूरी चीजें और सावधानियां।





इस कार्यशाला में विद्यार्थियों के साथ संकाय सदस्यों ने भी हिस्सा लिया। कार्यशाला को विशेषज्ञों ने संचालित किया, जिनमें प्रो. ग्रिगोरी डुकोर, मिस्टर अलेक्जेंडर श्टोल और मिस एकातेरिना वोइकोवा शामिल रहीं।

### विद्यार्थियों ने पूछे सवाल

एक विद्यार्थी ने भारत में फोटो पत्रकारिता के भविष्य और कृत्रिम बुद्धिमता के ज़माने में प्राकृतिक तस्वीरों की अहमियत के बारे में पूछा। इसका जवाब देते हुए वोइकोवा ने कहा कि भारत में दुनिया के कुछ सबसे अच्छे फ़ोटोग्राफर हैं और इस बात पर ज़ोर दिया कि प्रमाणिकता और मौलिकता हमेशा कीमती रहेगी।

## सोनी कॉरपोरेशन के बैनर तले प्रशिक्षण

# एमसीयू में एआई बेस्ड वीडियो कैमरों पर कार्यशाला का आयोजन



भोपाल। राजधानी स्थित माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय में सोनी कॉरपोरेशन, जापान के सहयोग से एमसीयू दर्शन (स्टूडियो) एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया विभाग के संयुक्त तत्वाधान में कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें विद्यार्थियों को उच्च प्रसारण गुणवत्ता वाले वीडियो कैमरों का प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण सोनी कॉरपोरेशन, जापान के भारत में अधिकृत विक्रेता टेलराड अहमदाबाद, दिल्ली से आए तकनीकी विशेषज्ञों के द्वारा दिया गया।

NEWS CLIPPING SERVICE FROM 'MCNUJC LIBRARY
'HARIBHOOMI'16 FEBRUARY.2026